भा.वा.अ.शि.प. - वन उत्पादकता संस्थान, राँची

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024

दिनांक: 21.06.2024

भावाअशिप- वन उत्पादकता संस्थान राँची, के निदेशक, डॉ.अमित पाण्डेय के नेतृत्व तथा समूह समन्वयक (अनुसंधान), डॉ. योगेश्वर मिश्रा के मार्गदर्शन में, आज़ादी का अमृत महोत्सव काल में “मिशन लाइफ” के अंतर्गत दिनांक 21.06.2024 को संस्थान के सभागार में योगाचार्य, श्री सुशीत बनर्जी और उनके शिष्यों, सुश्री श्रृष्टि रॉय, एशियन एवं राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता और सुश्री पायल कर्मकार, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के अवसर पर संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों को योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। डॉ. पाण्डेय ने योग को धर्म और संप्रदाय से परे एक संपूर्ण वैज्ञानिक क्रिया बताते हुए इसके अपार लाभ पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग सरल एवं सुलभ चिकित्सा है जिससे अपना स्वास्थ्य और मन दोनों लाभांवित होते हैं।

कार्यक्रम के अंत में निदेशक डॉ.अमित पाण्डेय ने योगाचार्य, श्री सुशीत बनर्जी के साथ-साथ उनके दल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। श्री करम सिंह मुण्डा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी अधिकारी (विस्तार), श्रीमती रूबी सुसाना कुजूर के मार्गदर्शन में विस्तार प्रभाग के श्री बिनोद राम, तकनीकी सहायक; श्री आनंद किशोर और श्री विजय दास, एम.टी.एस. ने सराहनीय योगदान दिया।

योग दिवस कार्यक्रम की झलकियाँ



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024

दिनांक: 21.06.2024